DECEMBER 2022 **U/ID 30681/ULE4A**

Time : Three hours Maximum : 75 marks

SECTION A — (10 × 2 = 20 marks)

किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 30 शब्दों में हों।

1. आशा कविता में प्रलय के बाद की प्रकृति का दृश्य कैसा था?
2. मुक्तिबोध किस पीड़ा को सत्य मानते हैं?
3. कवि और कल्पना कविता का उद्देश्य क्या है?
4. कवि सुमन दया की भीख क्यों नहीं मांगना चाहते?
5. शमशेर बहादुरसिंह की दृष्टि में भारत की भूमि कैसी है?
6. भारत भूषण अग्रवाल अपनी कविताओं को सार्थक क्यों मानते हैं?
7. छायावादी कविता में चित्रित रहस्यवाद का परिचय दीजिए।
8. प्रगतिवादी कविता का उद्भव के कारण बताइए।
9. नयी कविता में परंपरा का विरोध क्यों हुआ?
10. हिन्दी कहानी के आरंभिक रूप का परिचय दीजिए।

11. उपेन्द्रनाथ अश्क के एकांकियों की क्या विशेषता है?

12. आधुनिक एकांकियों के प्रधान विषय क्या रहे हैं?

SECTION B — ($5 \times 5 = 25$ marks)

किन्हीं पांच की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

13. नेत्र निमीलन करती मानो
प्रकृति प्रबुद्ध लगी होने,
जगीं वनस्पतियाँ अलसाई
मुख धोती शीतल जल से,

14. सबके सामने और अकेले में
असफलता का धूल-कचरा ओढे हूँ
इसलिए कि वह चक्करदार जीनों पर मिलती है
छल-छद्म धन की
किन्तु मैं साधी-सादी पटरी-पटरी दौड़ हूँ
जीवन की।

15. कल्पना उदासिनी
ने मलीन छोर से
उदास नेत्र कोर से
अश्रु बूँद पोंछकर कहा कि मैं गुलाम हूँ
स्वतंत्र रश्मि पर पली
स्वतंत्र वायु में चली
मगर सदा यही दरद रहा कि मैं गुलाम हूँ।

16. स्वतंत्र क्रांति ज्वाला में निड़र बनो सुकेशीनी
विनाश से डरो नहीं
विकास से डरो नहीं
सृष्टि के लिए बनो प्रथम विनाश स्वामिनी।

17. लघुता न अब मेरी छुओ
तुम हो महान बने रहो
अपने हृदय की वेदना मैं व्यर्थ त्यागूँगा नहीं।

18. देश देश की स्वतंत्रता देवी
आज अमित प्रेम से उतारती
निकट पूर्व, पूर्व, पूर्व-दक्षिण में
जन-गण-मन इस अपूर्व शुभ क्षण में
गाते हैं घर में हो या रण में
भारत की लोकतंत्र-भारती।

19. और तभी किसी दिन
किसी प्राचीन काव्य संग्रह में
तुम मेरी कविताएँ पढ़ोगे;
और उन्हें पढ़कर तुम्हें कैसा लगेगा।

SECTION C — (3 × 10 = 30 marks)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 500 शब्दों में हों।

20. 'चिंता' सर्ग की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (1 × 10 = 10)

अथवा

21. 'आनेवालों से एक सवाल' कविता का मूल्यांकन कीजिए।

22. नई कविता की प्रवृत्तिगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (1 × 10 = 10)

अथवा

23. हिन्दी एकांकी के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

24. किन्हीं दो की टिप्पणी लिखिए। (2 × 5 = 10)

(a) जयशंकर प्रसाद

(b) सुमित्रानंदन पंत

(c) प्रेमचंद

(d) जैनेन्द्र कुमार